फोन : कार्यालय
05[illegible]–2340363
प्रेषक,

कुलसचिव,
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर – 273009

इस कार्यालय को भेजे जाने वाले सभी पत्रों में पूर्व पत्र व्यवहार की संख्या, दिनांक तथा उद्धृत विभाग का नाम दिया जाय ।

पत्रांक : सम्बद्धता / प्रा.अनु. / 2021 / 06– 1847

दिनांक 02/07/2021

सेवा में,

प्रबन्धक,
लीलावती देवी महाविद्यालय, हरैया सोहनरिया, देवरिया।

विषय : चयनित प्राचार्य के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक महाविद्यालय के पत्र **दिनांक 27.01.2021** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कुलपति जी ने चयन–समिति की संस्तुति के आधार पर स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **प्राचार्य** के चयन का अनुमोदन इस शर्त के साथ सहर्ष प्रदान करने की कृपा की है कि इन शिक्षकों के किसी अन्य महाविद्यालय / विश्वविद्यालय में कार्यरत / अनुमोदन होने की दशा में इस विश्वविद्यालय द्वारा किया गया अनुमोदन निरस्त कर दिया जायेगा। प्राचार्य का विवरण निम्नवत् है–

क्र.सं.	नाम	पिता का नाम	जन्मतिथि	पद / विषय
1	डॉ0 रविन्द्र सिंह	श्री ब्रजनारायण सिंह	01-Feb-72	प्राचार्य

नोट–

1. उपर्युक्त चयनित **प्राचार्य** का अनुमोदन इस शर्त के साथ किया गया है कि यदि यह प्रकाश में आता है कि उक्त शिक्षक कहीं अन्यत्र कार्यरत हैं, तो उनका अनुमोदन निरस्त कर दिया जायेगा।
2. अनुमोदित प्राचार्य का वेतनमान / वेतन का स्पष्ट उल्लेख नियुक्ति पत्र एवं संविदा–पत्र में करते हुए एक माह के अन्दर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय अन्यथा की स्थिति में अनुमोदन निरस्त माना जायेगा।
3. **डॉ0 रविन्द्र सिंह** के पूर्व अनुमोदन / अनुभव के सत्यापन हेतु वि0वि0 द्वारा प्रेषित पत्रांक सत्यापन / सम्बद्धता / 2021 / 02–1438 दि0 05.02.2021 द्वारा प्राचार्य / प्रबन्धक, किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पैकौली हाटा, कुशीनगर को पत्र प्रेषित किया गया, जिसके क्रम में महाविद्यालय ने अपने पत्र दिनांक 08.02.2021 द्वारा अनुभव सत्यापित किया है, जिसके दृष्टिगत अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसमें किसी प्रकार की असत्यता पाई जाती है तो, अनुमोदन स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

शर्तें–

1. *महाविद्यालय में प्रवक्ता / प्राचार्य की नियुक्ति शासनादेश संख्या 2443 / सत्तर–2–2000–2(85) / 97* ***दिनांक 09 मई, 2000*** *में दिये गये प्रावधानों के अनुसार नियुक्ति पत्र, फोटो सहित संविदा की प्रमाणित छायाप्रति एवं नियुक्त प्राचार्य / प्रवक्ता के कार्यभार ग्रहण प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छाया प्रति विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अनुबंध पत्र में समयावधि का स्पष्ट उल्लेख किया जाय।*
2. *शासनादेश संख्या 968 / सत्तर–2–2013–18(99) / 2013* ***दिनांक 30, मई, 2013*** *एवं शासनादेश संख्या 226 / सत्तर–2–2020–18(31) / 2018* ***दिनांक 13 मार्च, 2020*** *में उल्लिखित निर्देशों के अनुरुप महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के छात्रों के शुल्क से प्राप्त सकल आय का 75 से 80 प्रतिशत संस्था द्वारा शिक्षकों के वेतन पर व्यय किया जाय तथा* ***प्रवक्ता / प्राचार्य को रखे जाने वाले अनुबन्ध पत्र में दिये जाने वाले वेतनमान / वेतन, अवकाश आदि का स्पष्ट उल्लेख किया जाय।*** *साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि संस्था में नियुक्त समस्त प्रवक्ता / प्राचार्य एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों को एकाउण्टपेयी चेक द्वारा वेतन का भुगतान किया जाय।*
3. *प्रवक्ता / प्राचार्य के लिए अंशदायी भविष्य निधि (कन्ट्रीब्यूटरी प्राविडेंट फंड) अनिवार्य रूप से लागू किया जाय।*

भवदीय,

डॉ0 (ओम प्रकाश)
कुलसचिव

I Principal Approval